**गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0)**

Central University established by the Central Universities Act, 2009 No. 25 of 2009)

Phone 07752-260003,260209 Web site www.ggu.ac.in

क.1690/गोपनीय/2016 **निविदा सूचना** बिलासपुर, दिनांक 29/12/2016

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार करने हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निर्धारित प्रपत्र में CBCS प्रणाली के तहत कम्प्यूटर से परीक्षा परिणाम तैयार करने हेतु बोली /निविदा जमा कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में बोलियां/निविदाये दिनांक 23/01/2017, 3:00 (अपरान्ह) बजे तक परीक्षा नियंत्रक,गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के नाम पर जमा करायी जा सकती है। निविदायें केवल पंजीकृत डाक अथवा स्पीडपोस्ट से प्राप्त होनी चाहिए।

**कार्य– परीक्षा परिणाम CBCS प्रणाली के तहत कम्प्यूटर से तैयार करना।**

**निविदा शुल्क– रू0 500/–, अमानत राशि रू0 24000/–**

निविदायें दिनांक 23/01/2017 को 04 : 00 (अपरान्ह) बजे उपरोक्त उल्लेखित कार्यालय में निविदाकरों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.ggu.ac.in का अवलोकन करें।

**परीक्षा नियंत्रक**

निविदा सूचना कमांक 1690/गोपनीय/2016, दिनांक 29/12/2016

**गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
(ACentral University established by the Central Universities Act 2009 No25of 2009)
Phone 07752-2600209,260003, Web site www.ggu.ac.in

## परीक्षाओं के परिणाम सीबीसीएस (CBCS) कम्प्यूटर से तैयार करने विषयक

# आवश्यक सूचना/निर्देश

कृपया निविदा भेजे जाने के पूर्व निम्न लिखित निर्देशो/सूचना को भली भांति पठन कर लेवें तदनुसार ही परिपूर्ण निविदा को नियत तिथि दिनांक दोपहर 3.00 बजे के पूर्व केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से परीक्षा नियंत्रक, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,, कोनी, बिलासपुर छ0ग0 495009, के पते पर सील बंद लिफाफे में प्रेषित करें।

| | | |
|---|---|---|
| **कार्य का विवरण** | : | **परीक्षाओं के परिणाम सीबीसीएस (CBCS) कम्प्यूटर से तैयार करने विषयक** |
| **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** | : | **दिनांक 23/01/2017 को दोपहर 3.00 बजे तक** |
| **निविदा प्रपत्र मूल्य** | : | **रू. 500/– वापसी योग्य नहीं** |
| **अमानत राशि** | : | **रू. 24000/– वि0वि0 की शर्तें अनुसार वापसी योग्य** |

निम्नानुसार दस्तावेज/प्रमाण पत्र/वांछित राशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करने के उपरांत ही निविदा विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।

01 निविदा सूचना के अनुसार कार्य/सामग्री प्रदाय हेतु निविदा एवं प्रपत्र की राशि एवं अमानत राशि जमा करना अनिवार्य है।

02 निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं की जावेगी।

03 विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप में ही आवेदन करना होगा जिसमें सील मुद्रा व निविदाकर्ता का हस्ताक्षर होना आवश्यक है। अन्य प्रारूप मान्य नहीं होगा।

04 विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप में निविदा दर (अंको एवं शब्दों में) पूर्ण स्पेसिफिकेशन, टैक्स आदि के साथ वि0वि0 में पहुंचाकर बिना कोई अतिरिक्त शुल्क के होना चाहिए। जिसमें सील मुद्रा व निविदाकर्ता का हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

05 वि0वि0 द्वारा प्रारूप के साथ उपलब्ध कराये गये घोषणा पत्र (जिसमें निविदाकर्ता फर्म की सील मुद्रा लगाते हुए स्वयं का हस्ताक्षर करें) एवं वि0वि0 की समस्त विशेष एवं सामान्य नियम–शर्त (जिसमें निविदाकर्ता फर्म की सील मुद्रा लगाते हुए स्वयं का हस्ताक्षर करें) अनिवार्य रूप से निविदा के साथ जमा करें। अन्यथा आपके द्वारा जमा की गई निविदा निरस्त मानी जायेगी।

06 यदि निविदाकर्ता वि0वि0 के कुलसचिव गुरू घासीदास, वि0वि0 के नाम से रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट जमा करते हुए निविदा प्रपत्र प्राप्त करता है तो ऐसे निविदाकार को उस बैक ड्राफ्ट की विस्तृत जानकारी प्रपत्र में उपलब्ध करानी होगी।

07 यदि निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेब साईट www. ggu.ac.in से डाउन लोड किया गया है,तो निविदा के साथ प्रपत्र मूल्य रू. 500/– की राशि का बैंक डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

08 निविदा के साथ अमानत राशि (संबंधित कार्य/अनुबंध/सामग्री प्रदाय हेतु निविदा सूचना में उल्लेखित अमानत राशि के अनुसार) रेखांकित बैंक डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है।

09 विश्वविद्यालय द्वारा प्रपत्र के साथ समस्त नियम व शर्त के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदा कर्ता की सील मुद्रा के साथ हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। जिसे निविदाकर्ता अपनी निविदा के साथ आवश्यक रूप से प्रेषित करें।

10 विश्वविद्यालय में समान कार्य/सामग्री प्रदाय के अनुभव संबंधी प्रमाण संलग्न करें।

11 वाणिज्य कर/सक्षम विभाग द्वारा जारी ,फर्म का वैद्य/जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित छाया प्रति।(यदि लागू हो) संलग्न करें।

12 PAN /TIN (जो भी लागू हो) कार्ड की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें।

13 सामग्री का अधिकृत वितरक/विक्रेता प्रमाण पत्र। (यदि लागू हो) संलग्न करें।

14 टर्न ओव्हर सर्टिफिकेट की सत्यापित प्रति (कम से कम तीन वर्षो की) संलग्न करें। (यदि लागू हो)

15 कोई अन्य दस्तावेज जो निविदाकर्ता प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करना चाहता हो संलग्न करें। (यदि लागू हो)

16 निविदाकर्ता को 5 वर्षो का संबंधित कार्य का अनुभव अनिवार्य है तथा उक्त अनुभव होने संबंधी प्रमाण निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

निविदाकर्ता का नाम ................................................

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर ................................................

दिनांक ................................................

फर्म/कम्पनी का नाम ................................................

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

**गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
(ACentral University established by the Central Universities Act 2009 No25of 2009)
Phone 07752-260209,260003, Web site www.ggu.ac.in

**परीक्षाओं के परिणाम सीबीसीएस (CBCS) पद्धति के अंतर्गत कम्प्यूटर से तैयार करने विषयक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 500/–**

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर (छ0ग0) की परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम एवं अंकसूची **सीबीसीएस (CBCS) पद्धति के अंतर्गत** कम्प्यूटर से तैयार करने हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित पंजीकृत फर्म से सीलबंद लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती है। फर्म को निम्नानुसार सामग्री विश्वविद्यालय को प्रदान करनी होगीः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | अंकसूची (प्रति छात्र) | 01 प्रति | 140 GSM |
| 02 A | रोललिस्ट/अंतिम रोललिस्ट | 02 प्रतियां | 70 GSM |
| B | उपस्थिति पत्रक | 03 प्रतियां | 70 GSM (आवश्यकता होने पर साफ्ट कापी) |
| 03 | टेबुलेशन चार्ट | 03 प्रतियां | 70 GSM |
| 04 | प्रेस कापी (रोल नं0/अंको सहित) | 10 प्रतियां | 80 GSM |
| 06 | सी.डी. (टी.आर./अंकसूची) | विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार | |
| 07 | सांख्यिकी जानकारी | उपरोक्तानुसार | |
| 08 | प्रत्येक अंतिम कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण 25 छात्रों की प्रावीण्य सूची 02 प्रति | | |

अंकसूची एवं टेबुलेशन चार्ट के लिए उपयोग में लाये जाने वाला पेपर उत्तम गुणवता का High tear resistant , water resistance, एवं अन्य आवश्यक गुणवता का होना चाहिए। पेपर पर प्रीटिंग कार्य भी अयंत उच्च गुणवता के इंक से होना चाहिए ताकि वह भविष्य में न तो मिट सके ना कागज पर फैले और ना ही उसकी चमक में कमी आये।

निविदा के साथ उपयोग में लाये जाने वाले कागज का नमूना संलग्न करना अनिवार्य है। फर्म द्वारा पूर्व में किसी अन्य संस्था को प्रदत किये गये सामग्री भी नमूने के रूप में मान्य होंगे।

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

03 निविदा प्रपत्र मुहरबंद लिफाफे में परीक्षा नियंत्रक गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर छ.ग.को रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 23/01/2017 को दोपहर 3.00 बजे तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में आवश्यक रूप में पहुॅच जाना चाहिए, निविदा उसी दिन दोपहर 4:00 बजे खोली जायेगी। डाक विभाग द्वारा विलम्ब होने या निविदा प्रपत्र गुम हो जाने पर विश्वविद्यालय जवाबदार नहीं होगा। लिफाफे पर बड़े अक्षरों में लिखें " **परीक्षा परिणाम के लिए निविदा**"। निविदा फार्म विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.ggu.ac.in पर उपलब्ध है, साथ ही साथ उक्त निविदा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से दिनांक तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है।

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर परीक्षा नियंत्रक

**गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
(ACentral University established by the Central Universities Act 2009 No25of 2009)
Phone 07752-260209,260003, Web site www.ggu.ac.in

**निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 500/—**

प्रति,

परीक्षा नियंत्रक,
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः— **परीक्षाओं के परिणाम सीबीसीएस (CBCS) पद्धति के अंतर्गत कम्प्यूटर से तैयार करने विषयक**

महोदय,

उपरोक्त विषय से संबंधित दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा क्रमांक 1690/गोपनीय/16 बिलासपुर, दिनांक 29/12/2016. के संबंध में निवेदन है कि, हमने निविदा प्रपत्र में उल्लेखित समस्त शर्तो का भली भांति पठन कर लिया है एवं हमें सभी शर्ते मान्य है । अतः मेरी फर्म द्वारा वपरीक्षाओं के परिणाम कम्प्यूटर से तैयार करने संबंधी कार्य करने हेतु निविदा आवेदन निम्नानुसार प्रस्तुत है :—

1 फर्म का नाम तथा पंजीयन क्रमांक ———————————————————

2. फर्म के मालिक का नाम ———————————————————

3. पिता का नाम ———————————————————

4. स्थायी पता ———————————————————

———————————————————

5. पत्र व्यवहार का पता ———————————————————

———————————————————

6. पूर्व में किये गये कार्य का अनुभव (प्रमाण पत्र सहित)

————————————————————————————————————

7. फोन नं./फैक्स नं. ———————————————————————————

8. मोबाईल नं. ———————————————————

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

9. जमा की गई राशि का विवरण –रूपये ––––––––––––––––––––––––

शब्दों में ––––––––––––––––––––––––

डी.डी. क्रमांक ––––––––––––दिनांक ––––––––––––––

बैंक का नाम ––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

10. दर प्रति छात्र (समस्त कर सहित रूपये में)

| | प्रति छात्र | VAT/CST (%) | कुल |
|---|---|---|---|
| 1. परीक्षा पूर्व कार्य के लिये प्रति छात्र | | | |
| 2. परीक्षा बाद कार्य के लिये प्रति छात्र | | | |
| कुल दर | | | |
| 3. पूनर्मूल्यांकन/पूरक/पुनरीक्षण/एटीकेटी कार्य के लिये प्रति छात्र | | | |

11. रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी द्वारा आबंटित पंजीयन क्रमांक :.....................

12. पेन ( आयकर ) ..............................................................................

13. फर्म के बैंक खाते का विवरण – बैंक नाम ..........................................................

खाता क्रमांक .....................................................

IFSC CODE ....................

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
(ACentral University established by the Central Universities Act 2009 No25of 2009)
Phone 07752-260209,260381, Web site www.ggu.ac.in

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 500/-

# निविदा के नियम एवं शर्त

---

विषयः– CBCS पद्धति के अंतर्गत कम्प्यूटर से परीक्षा परिणाम तैयार करने हेतु कार्य दर आमंत्रित किये जाने बाबत् ।

विश्वविद्यालय में स्नातक/स्नातकोत्तर एवं सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम से संबंधित कार्य सम्पन्न करने हेतु कार्य दर (प्रतिछात्र) आमंत्रित किये जाते है :–

A. **कार्य का विवरण :–**

1. कम्प्यूटर फर्मो से परीक्षार्थीयों की नामावली (रोललिस्ट) 2 प्रतियों में बनाना जिसमें रोल नं. नामांकन क्र0 परीक्षार्थी का नाम,पिता का नाम माता का नाम ,माध्यम,स्टेटस नियमित /एटीकेटी/भू.पू. /पूरक/छात्र),जाति, सेक्स,विषय, केन्द्र क्रमांक पूर्व परीक्षा के अंक तथा रोल नं. एवं पूरक/ एटीकेटी परीक्षार्थी के कैरीफार्वड अंक हेतु प्रावधान है।

2. परीक्षा संबंधी अंक योजना (स्कीम) तैयार करना ।

3. मुख्य/पूरक/सेमेस्टर/एटीकेटी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्रों के परीक्षा परिणाम (टेबुलेशन चार्ट) तीन प्रतियों में तैयार करना।

4. परीक्षा परिणाम घोषणा की 10 प्रतियॉं जिसमें उत्तीर्ण छात्रों के अनुक्रमांक ,प्राप्तांक पूरक विषय सहित ,रोके गये परीक्षा परिणाम के अनुक्रमांक ,अनुचित साधन प्रयोग के अनुक्रमांक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों के केन्द्रवार सूची, अनुक्रमांक एवं नाम प्राप्तांक सहित ।

5. प्रत्येक कक्षा के अंतिम वर्ष में 25 छात्रों की प्रावीण्य सूची नाम एवं प्राप्तांक पूर्णाक श्रेणी सहित चार प्रति में प्रेषित करना ।

6. केन्द्रवार सांख्यिकी जिसमें परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पुरूष/महिला/सामान्य अजा/अजजा/ अ.पि.व. /शारीरिक विकलांग/ अल्प संख्यक की अलग–अलग जानकारी दो प्रतियों में ।

7. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्रों की अंकसूचियॉ ।

8. संशोधित अंकसूचियॉ तैयार करना ।

9. स्नातक, स्नातकोत्तर एवं सेमेस्टर अंतिम कक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र का नाम हिन्दी में छात्रों की सूची पृथक से तैयार होंगी ।

निविदाकर्ता के सीाल मुद्रा सहित हस्ताक्षर

**B. पूर्व परीक्षा कार्य (प्री एक्जामिनेशन वर्क ) :–**

1. विश्वविद्यालय द्वारा डाटा फार्म में दी गई समस्त जानकारी को आवश्यक तौर पर दर्ज (एन्ट्री) कर विश्वविद्यालय को रोल लिस्ट उपलब्ध कराना होगा ।
2. विश्वविद्यालय के निर्देश पर केन्द्र तथा विषयवार (परीक्षा पेपर के लिए) सांख्यिकी ( न्यूमिरिकल) जानकारी उपलब्ध कराना होगा ।
3. छात्रों की रोललिस्ट प्रदान करना होगा। एवं उपस्थिति पत्रक (साफ्ट कापी) भी प्रदान करना होगा।

**C. परीक्षा पश्चात कार्य (पोस्ट एक्जाम वर्क ) –**

1. विश्वविद्यालय द्वारा फर्म को निम्न सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी ।
    1. परीक्षा एवं विषयवार अंक पर्ण (फायल)
    2. अनुपस्थित छात्रों की सूची
    3. नकल प्रकरणों की जानकारी
2. अंको की प्रविष्टि :–
    1. अंको की प्रविष्टि डबल एन्ट्री के रूप में करना अनिवार्य है तथा Electronic collation अनिवार्य है।
    2. अंकों की एन्ट्री पश्चात् एररलिस्ट जिसमें इनवेलिड तथा डुप्लीकेट रोल नं.की सूची उचित समाधान के लिए विश्वविद्यालय को शीघ्रातिशीघ्र देनी होगी ।

**D.** कम्प्यूटर सेंन्टर के द्वारा नीचे दी गई जानकारी के अनुसार समस्त सामग्री विश्वविद्यालय को प्रदत्त करना होगी ।

1. अंक सूची ( प्रतिछात्र )
2. रोल लिस्ट / उपस्थिति पत्रक विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार
3. टेबुलेशन चार्ट (टी.आर) तीन प्रतियों में
4. उत्तीर्ण छात्रों की जानकारी जिसमें प्राप्तांक, पूर्णाक , श्रेंणी ,नकल प्रकरण
   एवं रोके गये परिणाम अनुक्रमांक सहित 10 प्रतियों में
5. परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए फर्म द्वारा निर्धारित GSM पर मुद्रित समस्त अंकसूची एवं टी. आर. की तीन प्रति विश्वविद्यालय को प्रदाय करना अनिवार्य होगा।

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

6. पूरक/एटीकेटी परीक्षा के छात्रों की विषयवार सूची 4 प्रतियों में
7. प्रेस कापी परीक्षा/श्रेणी /अनुक्रमांक एवं प्राप्तांक ,पूर्णाक सहित 10 प्रतियों में ।
8. प्रावीण्य सूची अंन्तिम वर्ष के छात्रों की सूची जिसमें छात्र का नाम, अंक, प्रतिशत ,केन्द्र क्रमांक सहित ।
9. पूरक/ एटीकेटी परीक्षा के छात्रों की विषय सहित सूची–04 प्रतियों में

**सांख्यिकी जानकारी विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार**

**E. स्टेशनरी :–**

1. कम्प्यूटर फर्म ध्यान दें कि विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी तरह की स्टेशनरी नही दी जायेगी फर्म द्वारा जो कार्य की दर प्रस्तुत की जा रही है उसमें स्टेशनरी के समस्त खर्च सम्मिलित है ।

| | | |
|---|---|---|
| 2. अंक सूची | 140GSM | 01 प्रति |
| 3. रोल लिस्ट | 70 GSM | 02 प्रति |
| 4. उपस्थिति पत्रक | 70 GSM | 03 प्रति |
| 5. टेबुलेशन चार्ट (टी आर) | 70 GSM | 03 प्रति |

(प्रथम 2 पार्ट E Z R पेपर में तथा तीसरा पार्ट प्लेन पेपर)

6. प्रेस रिलिज, एवं अन्य सामग्री 60 GSM पेपर पर

**F. कार्यानुभव :–**

1. कम्प्यूटर फर्म को केवल शासकीय (राज्य एवं केन्द्र) विश्वविद्यालय/बोर्ड के रिजल्ट प्रोसेसिंग के कार्य का पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए । किसी भी एक वि. वि./बोर्ड के कार्य का अनिवार्य रूप से लगातार तीन वर्षों का अनुभव (कार्य आदेश या प्रमाण पत्र तथा कागज का नमूना संलग्न करें )

2. उपरोक्त के साथ–साथ किसी एक विश्वविद्यालय/बोर्ड का अनुमानित पन्द्रह सौ छात्रों का परीक्षाफल तैयार करने संबंधी कम से कम तीन वर्षों का कार्यानुभव ।

3 CBCS पद्धति के अंतर्गत कम से कम एक वर्ष या एक सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम तैयार करने का अनुभव

नोट :– उपरोक्तानुसार अर्हता की पुष्टि के लिए प्रमाण पत्र/ कार्यादेश की छायाप्रति/करार की छायाप्रति आदि संलग्न करना अनिवार्य है।

**G. कम्प्यूटर फर्म को निविदा प्रपत्र में (मशीनरी) समस्त जानकारी निम्नानुसार देनी होगी।**

1. कम्प्यूटर की संख्या
2. कर्मचारियों की संख्या

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

**गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
(ACentral University established by the Central Universities Act 2009 No25of 2009)
Phone 07752-260209,260381, Web site www.ggu.ac.in

---

## परीक्षाओं के परिणाम सीबीसीएस (CBCS) पद्धति के अंतर्गत कम्प्यूटर से तैयार करने विषयक

# निविदा की सामान्य नियम एवं शर्तें

1 निर्धारित अंतिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त निविदां खोली नहीं जायेगी तथा मूलतः निविदाकर्ता को वापस लौटा दी जायेगी।

2 निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर सील सहित हस्ताक्षर निविदाकर्ता को करना होगा। निविदाकर्ता को सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र नियम शर्तो सहित जो कि वि0वि0 द्वारा उपलब्ध कराया गया है। (नियम शर्तो के प्रत्येक पृष्ठो में सील सहित हस्ताक्षर करते हुए ) आवश्यक रूप से जमा करना होगा।

3 निविदा सूचना के अनुसार प्रत्येक कार्य/सामग्री प्रदाय हेतु पृथक–पृथक निविदा एवं प्रपत्र की राशि एवं अमानत राशि जमा करना अनिवार्य है। यदि निविदाकर्ता इसका पालन नहीं करता है तो उसके द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा बिना कारण बताये निरस्त समझी जावेगी।

4 पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से जमा की गयी निविदा विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं की जायेगी ।

5 विश्वविद्यालय निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत न्यूनतम दर पर सामग्री का क्रय करने एवं किसी कार्य को कराये जाने के लिये बाध्य नही होगा। विश्वविद्यालय सामग्री की गुणवत्ता एवं निविदाकर्ता के समान कार्य के अनुभव के आधार पर वि0वि0 हित में किसी भी सामग्री को क्रय करने एवं किसी भी निविदाकार से कार्य कराये जाने का निर्णय ले सकता है।

6 किसी भी स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी कार्य के लिए निविदा कर्ता फर्म को किसी भी प्रकार का परिवहन व्यय या कोई अन्य प्रकार का व्यय देय नही होगा।

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

7 निविदाकर्ता फर्म द्वारा प्रदायित सामग्री यदि नमूना के अनुरूप संतोषप्रद नहीं पाया गया या फिर फर्म द्वारा वि0वि0 के क्रयादेश की मात्रा के अनुरूप प्रदाय नही किया गया तो, विश्वविद्यालय के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा, कि निविदाकर्ता फर्म की अमानत राशि को जब्त करते हुए, फर्म को काली सूची (Black List) में डाल देवें एवं नियमानुसार फर्म के विरूद्ध अन्य दंडात्मक कार्यवाही करें।

8 निविदाकर्ता फर्म को विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का पालन करना होगा एवं इस संबंध में वि0वि0 से जारी होने वाले अन्य नियम भी लागू होगें।

9 निविदा में दर्शायी गई दरों में (Overwriting) **कांट छाट** होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी । कृपया दरों को स्पष्ट अक्षरों में भी अंकित करें ।

10 किसी भी स्थिति में निविदाकर्ता फर्म को सामग्री का प्रदाय/कार्य संपादन वि0वि0 के कार्य/क्रय आदेश के अनुरूप पूर्ण करने के पूर्व अग्रिम भुगतान या आंशिक भुगतान की पात्रता नहीं होगी।

11 कुल सचिव, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) को एक या एक से अधिक निविदा स्वीकृत करने या किसी भी समय किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

12 विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय किये गये निविदा प्रपत्र में ही निविदा कर्ता अथवा पार्टनर या उनके अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही निविदा की दरें भरी जाकर हस्ताक्षरित हो अन्यथा निविदा निरस्त की जा सकती है।

13 आवश्यकता अनुसार, निविदा में दर्शायी गई दरों में निगोसियेशन भी किया जा सकता है ।

14 निविदा में दर्शायी गयी दरें, आदेश जारी होने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिये लागू रहेगी तथा निविदा दर स्वीकृत होने पर आदेश पत्र में उल्लेखित तिथि के अंदर कार्य/सामग्री प्रदाय करना होगा । अवधि में आपसी सहमति से 02 से 03 वर्ष तक की वृद्धि की जा सकेगी।

15 फर्म के द्वारा प्रस्तुत दर न्यूनतम होनी चाहिए एवं किसी भी समय यदि वि0वि0 को यह ज्ञात होता है कि फर्म ने किसी अन्य संस्थान/कार्यालय में समान प्रकार के कार्य/सामग्री प्रदाय करने हेतु इस निविदा में प्रस्तुत दर से कम में, कार्य किया/सामग्री प्रदाय किया है तो, वि0वि0 को फर्म के देयक से एवं फर्म द्वारा जमा की गई अमानत राशि/सुरक्षा निधि की राशि में से अंतर की अधिक राशि की कटौती करने का अधिकार होगा।

16 कार्य/सामग्री प्रदाय के दौरान यदि किसी तरह की प्राकृतिक आपदा के कारण या फिर बिजली कटौती या मशीन के ब्रेक डाउन या हड़ताल या परिवहन की समस्या किसी अन्य कारण से मुद्रण संबंधी कार्य में बाधा उत्पन्न होती है तो निविदाकर्ता के आवेदन के परीक्षणोपरांत, सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर, निविदा कर्ता के आवेदन पर समयवृद्धि (कटौती के बिना या कटौती के साथ) मान्य की जा सकेगी। परंतु निविदाकर्ता को इस विलंब के लिये अतिरिक्त राशि का भुगतान किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगा ।

17 निविदा में वर्णित सामग्री का प्रदाय/कार्य का संपादन, निविदा स्वीकृत होने पर प्रदाय/कार्य आदेश में उल्लेखित वि.वि. के समस्त नियम एवं शर्तो के साथ करना होगा आदेशित अवधि के अंदर प्रदाय/कार्य पूर्ण नही करने पर विलंब हेतु कटौती की जायेगी जो निम्नानुसार होगी ।

अवधि में वृद्धि (कटौती के बिना या कटौती के साथ) किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। यदि आदेश पत्र में निर्धारित तिथि से अधिक समय की आवश्यकता हो तो प्रदाय/कार्य संपादन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि से कम से कम सात दिवस पूर्व इस हेतु आवेदन देना चाहिये ताकि समय वृद्धि पर विचार कर आदेश दिया जा सके आदेश में दिये गये तिथि के अंदर प्रदाय/कार्य पूर्ण नही करने पर निम्नानुसार देयक से कटौती की जयेगी।

अ. 15 दिनों तक के विलम्ब के लिये 01 प्रतिशत

ब. 30 दिनो तक के विलम्ब के लिये 03 प्रतिशत

स. 30 दिनों के बाद विलंब के लिए 05 प्रतिशत

18 निविदाकर्ता द्वारा एक बार अपनी निविदा विश्वविद्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से प्रेषित कर देने के पश्चात् यदि वह निविदा में सम्मिलित नही होना चाहता है तो ऐसे निविदाकर्ता को निविदा खोले जाने के पूर्व, इस आशय का लिखित आवेदन कुलसचिव,गुरू घासीदास वि0वि0 बिलासपुर के नाम से प्रस्तुत करना होगा। निविदा खोले जाने के उपरांत किसी भी स्थिति में निविदाकर्ता निविदा से बाहर होने संबंधी आवेदन नहीं कर सकेगा अन्यथा निविदाकर्ता की अमानत राशि वि0वि0 द्वारा जब्त करते हुए फर्म को वि0वि0, अपनी काली सूची में सूची बद्ध करने के लिए स्वतंत्र होगा ।

19 निविदाकर्ता निविदा को पंजी कृत डाक से प्रेषित करने के बाद यदि निविदा में कोई अन्य दस्तावेज संलग्न करना चाहता है या फिर प्रस्तुत की गई दर में संशोधन करना चाहता है तो, ऐसे निविदा कर्ता को पृथक से एक लिखित आवेदन के साथ कुलसचिव, गुरू घासीदास वि0वि0 कोनी, बिलासपुर (छ0ग0) के नाम पंजीकृत डाक से वि0वि0 को निविदा खोले जाने के पूर्व तक प्रेषित कर सकता है। निविदा खोले जाने के उपरांत निविदा कर्ता के किसी भी प्रकार के आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

20 निविदा में क्रय/कार्य हेतु दर्शायी गई मात्रा/अनुमानित राशि को कम या अधिक करने का अधिकार कुल सचिव गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर छ.ग. के पास सुरक्षित रहेगा । निविदाकर्ता पर संशोधित मात्रा/राशि के अनुरूप सामग्री प्रदाय/कार्य संपादित वि0वि0 के नियम व शर्तो के साथ करना बंधनकारी होगा।

21 निविदा में दर्शायी गई दर में समस्त व्यय सम्मिलित माना जायेगा एवं प्रचलित टैक्स के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का कोई भी व्यय वि0वि0 द्वारा मान्य नही किया जायेगा।

22 निविदाकर्ता फर्म का यदि वि0.वि0 में पूर्व का कोई भी देयक लंबित होगा या पूर्व के किसी भी विभाग कि निविदा हेतु अमानत राशि/सुरक्षा निधि वि0.वि0 के पास जमा होगी तो ऐसे समस्त देय/जमा राशि/एफ डी आर को इस निविदा के लिये अमानत राशि/सुरक्षा निधि के रूप में मान्य नहीं किया जायेगा। अतः इस निविदा हेतु समस्त राशि को पृथक से वि0वि0 में जमा करना होगा अन्यथा फर्म द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा स्वमेव निरस्त मानी जायेगी।

23 अमानत राशि पर ब्याज देय नहीं होगा यह राशि समय सीमा समाप्ति पश्चात् निविदाकर्ता द्वारा आवेदन करने पर मूलतः वापस कर दी जायेगी।

24 अंतिम रूप से निविदा स्वीकार होने के पूर्व यदि निविदाकर्ता निविदा वापस लेना चाहे अथवा जिनकी दरें क्रय समिति द्वारा अनुमोदित नही होगी उनकी अमानत राशि आवेदन प्रस्तुत करने पर बिना ब्याज के मूलतः वापस लौट दी जायेगी।

25 नियत तिथि व समय के उपरांत किसी भी निविदा को वि0वि0 द्वारा स्वीकार नही किया जावेगा। डाक विभाग में किसी भी प्रकार की त्रुटि या विलंब के लिये वि0वि0 जवाबदार नही होगा एवं ऐसे प्रकरण में निविदाकार की कोई भी अपील वि0वि0 द्वारा स्वीकार नहीं की जायेगी।

26 विश्वविद्यालय द्वारा निविदा में दी गई नियम व शर्त में संशोधन करने, अतिरिक्त शर्त जोड़ने एवं वि0वि0 हित में किसी नियम/शर्त को शिथिल करने का पूर्ण विशेषाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा एवं निविदा कर्ता पर बंधनकारी रहेगा।

27 निविदाकर्ता को वि0वि0 के प्रागंण में कहीं भी आदेशानुसार सामग्री का प्रदाय/कार्य का संपादन बिना किसी अतिरिक्त भुगतान (यथा लोडिंग,अनलोडिंग परिवहन व्यय आदि) के करना होगा।

28 निविदा खोले जाते समय निविदाकर्ता स्वयं या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति (निविदाकर्ता द्वारा जारी अधिकार पत्र के साथ) समिति के समक्ष उपस्थित रह सकता है।

29 वि0वि0 हित में यदि आवश्यकता होगी तो किसी भी कार्य/सामग्री प्रदाय हेतु एक से अधिक निविदाकार को पूर्व अनुभव के आधार पर निगोसियेशन उपरांत कार्य संपादन/सामग्री प्रदाय हेतु कार्य/क्रय आदेश दिया जा सकेगा।

30 निविदाकर्ता को वि0वि0 द्वारा निविदा मान्य/स्वीकृत होने के पश्चात् आवश्यकता अनुसार निगोसियेशन एवं अनुबंध के लिए वि0वि0 में बुलाये जाने पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस कार्य को संपादित करने में जो भी व्यय भार होगा उसे निविदाकर्ता स्वयं वहन करेगा।

31 निर्माता कंपनी/उत्पादनकर्ता/वितरक द्वारा समय समय पर किसी भी सामग्री पर यदि कोई छूट किसी भी स्कीम के तहत उपभोक्ता को दी जाती है तो ऐसी छूट एवं इसकी स्कीम का लाभ निविदाकर्ता वि0वि0 को प्रदान करने हेतु बाध्य होगा। अन्यथा की स्थिति में अंतर की राशि निविदाकर्ता के देयक से वि0वि0 कटौती करने को स्वतंत्र होगा।

32 निविदा में उल्लेखित किसी भी कार्य को संपादित कराने अथवा बिना कोई कारण बताये वि0वि0 हित में ऐसे किसी भी कार्य को कराने से मना करनें का अधिकार वि0वि0 के पास सर्वथा सुरक्षित रहेगा । साथ ही निविदा में उल्लेखित किसी भी सामग्री का क्रय करने अथवा बिना कोई कारण बताये किसी भी सामग्री को क्रय करने से मना करने का अधिकार वि0वि0 के पास सर्वथा सुरक्षित रहेगा।

33 किसी भी विवाद की स्थिति में पहली अपील कुलसचिव, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) को विवाद उत्पन्न होने की तिथि के एक सप्ताह के अंदर तथा द्वितीय अपील दो सप्ताह के अंदर कुलपति महोदय, को किया जा सकेगा । माननीय कुलपति, गुरू घासीदास वि0वि0,बिलासपुर छ0ग0, निर्णय हेतु प्रकरण को किसी भी आरबीट्रेटर के पास भेज सकेगे (आरबीट्रेशन एक्ट के अनुसार)। ऐसे प्रकरण में कुलपति जी के स्वयं का निर्णय या आरबीट्रेटर का निर्णय सर्वमान्य होगा ।

34 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में बिलासपुर(छ0ग0) न्यायालय का क्षेत्राधिकार ही मान्य होगा।

35 फर्म को प्रत्येक सामग्री / कार्य के लिए दर प्रदान करना आवश्यक है। यदि फर्म किसी सामग्री / कार्य में अपनी दर अंकित नहीं करती है तो यह मान लिया जायेगा कि फर्म उस सामग्री / कार्य की दर अन्य सामग्री / कार्य में समाहित कर ली गई है एवं सामग्री / कार्य को विश्वविद्यालय को निशुल्क देने को तैयार है।

36 असफल निविदाकर्ता द्वारा जमा अमानत राशि क्रयादेश / कार्यादेश जारी होने के पश्चात् बिना ब्याज के वापस किया जायेगा।

37 सफल निविदा कर्ता को एक लाख रूपये का परफार्मेंस सेक्यूरिटी विश्वविद्यालय में जमा करना होगा। '' परफारमेंस सेक्यूरिटी'' निविदा के साथ जमा अमानत राशि से पृथक होगी। परफार्मेंस सेक्यूरिटी राशि बैंक ड्राफ्ट, फिक्स डिपाजिट अथवा व्यावसायिक बैंको के बैंक गारंटी के रूप में मान्य होगी किंतु उक्त सेक्यूरिटी क्रयादेश / कार्यादेश दिनांक से 14 माह तक वैद्य होना आवश्यक होगा। परफारमेंस सिक्यूरिटी निविदा अवधि / कार्य उपरांत बिना ब्याज के वापस किया जायेगा।

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
(ACentral University established by the Central Universities Act 2009 No25of 2009)
Phone 07752-260209,260003, Web site www.ggu.ac.in

**परीक्षाओं के परिणाम सीबीसीएस (CBCS) पद्धति के अंतर्गत कम्प्यूटर से तैयार करने विषयक**
**निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 500/–**

# निविदा की अन्य शर्तें :–

1. फर्म को इस कार्य में पूर्ण गोपनीयता रखनी होगी ।
2. परीक्षा परिणाम कार्य में न्यूनतम दर का बंधन नहीं होगा अपितु फर्म की प्रतिष्ठा एवं कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी ।
3. निविदा स्वीकृति एवं अस्वीकृति का पूर्ण अधिकारी कुलसचिव, गुरूघासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) के अधीन रहेगा ।
4. विवाद की स्थिति में माननीय कुलपति महोदय का निर्णय अंतिम होगा ।
5. निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के साथ रू. 24,000/–(रू. चौबीस हजार मात्र) की बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा इसके अभाव में निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जावेगी ।
6. निविदाकर्ता को परीक्षा पूर्व/परीक्षा पश्चात एवं पुनर्मूल्यांकन/पूरक परीक्षा कार्य की दर पृथक–पृथक से देना होगा। उक्त दर में स्टेशनरी अंकसूची सी.डी. डाटा एन्ट्री एवं अन्य सांख्यिकी जानकारी एवं समस्त टैक्स शामिल रहेंगे ।
7. निविदा प्रपत्र मोहरबंद लिफाफे में परीक्षा नियंत्रक, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को रजि. ए.डी द्वारा ही प्रेषित करें जो दिनांक 23/01/2017 को दोपहर 3.00 बजे तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय तक आवश्यक रूप से पहुँच जाना चाहिए । निविदा उसी दिन दोपहर 4.00 बजे खोली जायेगी ।
8. फर्म को निविदा के साथ अंकसूची तथा कागज का नमूना लगाना अनिवार्य होगा ।
9. डाक विभाग द्वारा विलम्ब अथवा निविदा प्रपत्र के गुम हो जाने की दशा में विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा ।
10. निविदाकर्ता द्वारा बड़े अक्षर में में लिफाफे पर **' परीक्षा परिणम के लिए निविदा ' लिखना होगा ।**

निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर

**गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
(ACentral University established by the Central Universities Act 2009 No25of 2009)
Phone 07752-260209,260381, Web site www.ggu.ac.in

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 500/-

**परीक्षाओं के परिणाम सीबीसीएस (CBCS) पद्धति के अंतर्गत कम्प्यूटर से तैयार करने विषयक**

## निविदाकर्ता द्वारा घोषणा पत्र (गैर न्यायियक स्टाम्प पर)

निविदाकर्ता कृपया घोषणा पत्र का भली भांति पठन करने के उपरांत फर्म की सील मुद्रा लगाते हुए निविदाकर्ता अपना स्वयं हस्ताक्षर करें एवं इसे आवश्यक रूप से निविदा के साथ जमा करें। निविदा के साथ घोषणा पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में निविदा निरस्त की जा सकेगी।

फर्म यह घोषणा करता हैं कि, विश्वविद्यालय द्वारा दी गई समस्त विशेष एवं सामान्य नियम-शर्त का निविदाकर्ता द्वारा भली भांति पठन कर लिया है एवं समझ लिया गया है। निविदाकर्ता को वि0वि0 की समस्त विशेष एवं सामान्य नियम व शर्त मान्य है एवं निविदाकर्ता/फर्म पर बंधनकारी है। निविदाकता/फर्म ने वि0वि0 द्वारा निविदा प्रपत्र में वांछित समस्त दस्तावेजों की प्रमाणित छाया प्रति, वांछित राशि का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न कर दिया है। निविदा में, फर्म द्वारा प्रस्तुत किया गया कोई भी दस्तावेज/जानकारी असत्य नहीं है। फर्म द्वारा प्रस्तुत दर में किसी प्रकार की काट छांट नहीं है। विश्वविद्यालय द्वारा वांछित दस्तावेज, राशि, सामग्री का नमूना आदि मेरे द्वारा संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

मुझे ज्ञात है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा में, यदि किसी भी प्रकार की दस्तावेजों/जानकारी में कमी होगी, या फर्म द्वारा प्रस्तुत किया गया कोई भी दस्तावेज/जानकारी असत्य होगी एवं नियत तिथि व समय के पश्चात् यदि मेरी निविदा वि0वि0 को प्राप्त होती है या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के अलावा यदि मैंने निविदा वि0वि0 को प्रेषित की है या वि0वि0 द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध कराये गये समस्त विशेष एवं सामान्य नियम -शर्त, दिशा निर्देशों का यदि मैने पालन नहीं किया है तो मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा स्वमेंव निरस्त मानी जावेगी एवं वि0वि0 का कोई भी निर्णय मुझे मान्य होगा एवं फर्म पर बंधनकारी होगा।

विश्वविद्यालय द्वारा कार्य आंबटित किये जाने पर मेरे द्वारा पूर्ण गोपनीयता रखी जायेगी। विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेज अथवा हमारे फर्म द्वारा गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के लिये निर्मित दस्तावेज मैं/हम किसी अन्य फर्म या व्यक्ति को किसी भी स्थिति में प्रदन नही करेगे। ऐसे दस्तावेज मैं/हम केवल गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के अधिकृत व्यक्ति/अधिकारी को ही प्रदान करेगे। गोपनीयता भंग होने पर विश्वविद्यालय यथोचित कार्यवाही करने के लिए स्वंतत्र होगा।

**निविदाकर्ता का नाम** ..............................................
**निविदाकर्ता का हस्ताक्षर** ..............................................
**दिनांक** ..............................................
**फर्म/कम्पनी का नाम** ..............................................
**पता** ..............................................
**दूरभाष क्रमांक** ....................................

**निविदाकर्ता के सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर**